उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 14.04.2025

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 14.04.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 14.04.2025**

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः-13.04.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया, जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी ।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।



## अग्नि शमन स्मृति दिवस के अवसर पर शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि, जागरुकता प्रचार वाहन को दिखाई गयी हरी झण्डी-

फायर सर्विस कर्मी हर दिन आग से खेलने का काम करते हैं इस खतरनाक काम को अंजाम देते हुए उन्हें अपनी जान की भी फिक्र नहीं होती, फिक्र होती है तो उन्हें सिर्फ उस जलते मंजर या फिर उसमें धधकती जिंदगी को बचाने की।

ऐसी ही एक घटना **14** अप्रैल **1944** दिन शुक्रवार को हुई जब विक्टोरिया डाक मुंबई में सेना की विस्फोट सामग्री से भरा फोर्ट स्टीफन के मालवाहक पानी का जहाज लपटों के आगोश में समा गया आग पर काबू पाने के लिए मुंबई फायर सर्विस के सैंकडों अधिकारी कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे अदम्य साहस और पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए इन जांबाज अग्निशमन कर्मचारियों ने ज्वाला पर आग काबू करने का संपूर्ण प्रयत्न किया अथक प्रयास के बाद आग पर नियंत्रण पा लिया गया लेकिन इस दौरान **66** बहादुर फायर कर्मियों को अपनी जान की आहुति देनी पड़ी इन्ही अमर शहीदों की याद में 14 अप्रैल को संपूर्ण देश में "राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस" मनाया जाता है यह दिन उन बहादुर **66** फायर कर्मियों को समर्पित है।

इसी क्रम में आज दिनांक 14.04.2025 को राष्ट्रीय अग्निशमन स्मृति दिवस के अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर, श्री दीपक दुबे द्वारा फायर स्टेशन महोबा में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी महोबा देवेश तिवारी की उपस्थिति में शहीद हुये अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं फायर स्टेशन के कर्मचारियों को फ्लैग पिन किया गया तथा नागरिकों को अग्नि से बचाव तथा सावधानी बरतने के संबंध में जागृत करने के लिए हरी झण्डी दिखाकर "अग्निशमन सेवा सप्ताह" (14 अप्रैल से 16 अप्रैल तक) का शुभारम्भ करते हुए प्रचार वाहन को रवाना किया गया। अग्निशमन से सम्बन्धित जागरुकता वाहन के द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों, तिराहों एवं भीडभाड वाले स्थानों में जाकर आमजनमानस को अग्निसुरक्षा के सम्बन्ध में जागरुकता पंपलेट के माध्यम से जागरुक किया गया।

उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष 2024 में जनपद महोबा में कुल 525 फायर कॉल प्राप्त हुई, जिनमें 494 अग्निकाण्ड एवं 31 जीवन रक्षा कॉल शामिल थी, जिसमें से 32 व्यक्तियों एवं 13 पशुओं को फायर सर्विस के बहादुर और साहसी कर्मियों द्वारा बचाया गया है। इसी क्रम में वर्ष 2025 में अब तक कुल 130 फायर काल प्राप्त हुई हैं जिसमें त्वरित कार्यवाही करते हुए क्षति से बचाया गया है।

**भारत सरकार एवं उ.प्र. सरकार के निर्देशानुसार अग्निसुरक्षा सप्ताह का संकल्प (थीम) है...।**

**"एकजुट हों, अग्नि सुरक्षित भारत को प्रज्वलित करें"**

**(UNITE TO IGNITE, A FIRE SAFE INDIA)**







उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 14.04.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## “भारत रत्न” संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के शुभ अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया गया तथा उनके द्वारा समाज उत्थान के लिये किये गये कार्यो एवं विचारों को याद किया गया-



आज दिनांक- 14 अप्रैल 2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह की मौजूदगी में पुलिस अधीक्षक कार्यालय, महोबा में संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के शुभ अवसर पर एक श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।





कार्यक्रम में उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारीगण ने भी बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की, इस अवसर पर बाबा साहब द्वारा भारतीय संविधान के निर्माण, सामाजिक समानता, शिक्षा और महिलाओं, शोषित एवं वंचित वर्गों के उत्थान के लिए किए गए ऐतिहासिक कार्यों को याद किया गया तथा उनके विचारों और सिद्धांतों को अपनाने तथा समाज में समानता और न्याय के लिए कार्य करने का संकल्प लिया गया।







इसी क्रम में जनपद के सभी थानों पर कार्यक्रम आयोजित किये गये, थाना में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस कर्मियों ने बाबा साहब के आदर्शों को अपने कर्तव्यों में अपनाने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रतिबद्धता दोहराई।